Std. IV Hindi Lit. L-7 (बागवानी)

*शब्दार्थ*

रुचि - शौक

निश्चय -- पक्का इरादा

अनुमति -- आज्ञा

परिश्रम -- मेहनत

समतल -- बराबर

विभिन्न -- कई तरह के

योग्य -- लायक

प्रश्न 1. सुमित और मोहन की रुचि बागवानी में कैसे पैदा हुई?

उत्तर - पाठशाला में प्रतिदिन माली काका को काम करते देखकर सुमित और रोहन को ज़मीन की गुड़ाई करना, बीज बोना, खर-पतवार छाँटना, पौधों को पानी देना तथा फूलों को सँवारना अच्छा लगने लगा था। इस तरह उनकी रूचि बागवानी में पैदा हुई।

प्रश्न 2.बगिया के चारों ओर बाड़ क्यों बनाई गई ?

उत्तर -- बगिया की सुरक्षा के लिए बगिया के चारों ओर बाड़ बनाई गई।

प्रश्न 3.रसोईघर के पास वाली क्यारी में माँ ने क्या लगाया?

उत्तर - रसोईघर के पास वाली क्यारी में माँ ने लौकी, तुरई, भिंडी तथा पालक आदि सब्ज़ियों के बीज लगा दिए।

प्रश्न 4. सुमित और रोहन ने क्या निश्चय किया था? बागवानी करने के लिए सबसे पहला काम क्या किया गया?

उत्तर - सुमित और रोहन ने अपने घर के पीछे खाली पड़ी ज़मीन पर फूल-पौधे लगाकर बागवानी करने का निश्चय किया।

बागवानी करने के लिए सबसे पहले बगिया के चारों ओर काँटेदार तार से बाड़ बनाई गई। फिर बाज़ार से बागवानी के लिए आवश्यक तथा उपयोगी औज़ार खरीदे गए।

प्रश्न 5. खेती के लिए- किन उपकरणों और औज़ारों की ज़रूरत पड़ी?

उत्तर- खेती के लिए कुदाल, खुरपी, बेलचा आदि औज़ारों की ज़रूरत पड़ी।

प्रश्न 6. सुमित और रोहन ने किस- किस को और क्यों धन्यवाद दिया?

उत्तर -- सुमित और रोहन ने पहले माली काका को धन्यवाद दिया क्योंकि वे बागवानी करने के लिए उनकी प्रेरणा बने। फिर उन्होंने अपने माँ - पिताजी को भी धन्यवाद दिया क्योंकि उन्होंने उनकी बागवानी की इच्छा को पूरा किया था।

प्रश्न 7. घर की बगिया में कौन - कौन से बीज बोए गए ?

उत्तर -- घर की बगिया में सब्ज़ी और फल- फूलों के बीज बोए गए।

प्रश्न 8. बेलों पर क्या-क्या लगते हैं?

उत्तर- बेलों पर रात की रानी, लौकी, तुरई आदि लगते हैं।

प्रश्न 9. बगिया के द्वार के दोनों ओर क्या लगाया गया ?

उत्तर -- बगिया के द्वार के दोनों ओर रात की रानी की बेलें लगाई गईं।

*भाषा संसार*

प्रश्न1. इन शब्दों के बहुवचन रुप लिखिए।

पौधा -- पौधे

काँटा -- काँटे

रास्ता -- रास्ते

पपीता -- पपीते

गेंदा -- गेंदे

बाड़ -- बाड़

कुदाल -- कुदालें

बेल -- बेलें

कलम -- कलमें

क्यारी -- क्यारियाँ

रानी --- रानियाँ

छुट्टी - छुट्टियाँ

खुरपी -- खुरपियाँ

सब्ज़ी -- सब्ज़ियाँ

*प्रश्न 2. दिए गए शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए*

बगिया - बाग, उपवन

पिता -- तात, जनक

रास्ता - पथ, मार्ग

शाम -- संध्या, सायंकाल